Hazaribag Newspaper 07-Oct-20 ×
(3) WhatsApp ×
epaper.jagran.com/epaper/07-Oct-2021-235-Hazaribag-edition-Hazaribag-page-4.html#
Apps Gmail Maps Sightsavers | MIS WhatsApp Web ICICI Lombard Heal...
IMAGE VIEW TEXT VIEW

एंबुलेंस से मरीजों को इलाज में होगी सुविधा

संवाद सूत्र चौपारण(हजारीबाग): भारत की सबसे बड़ी साफ्टवेयर कंपनी में से एक क्विक हिल ने क्षेत्र की जनता के लिए लोक नायक जयप्रकाश नेत्र अस्पताल को आधुनिक एंबुलेंस सौंपी है। बकायदा अस्पताल परिसर में समारोह का आयोजन कर इसका शुभारंभ किया गया। कंपनी के सामाजिक दायित्व प्रमुख क्विक हिल टेक्नोलॉजी लिमिटेड पुणे, महाराष्ट्र के अजय सिरके तथा संस्था सचिव सतीश गिरिजा व संचालक गंधर्व गौरव ने हरी झंडी दिखाकर मरीजों के सहायतार्थ इसे सेवा के लिए जारी किया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि के अभिनंदन से किया गया । फिर क्विक हील टेक्नोलॉजी लिमिटेड द्वारा वित प्रदत्त एम्बुलेंस को अस्पताल को समर्पित किया गया जो हॉस्पिटल में आए मरीजों की सहायता के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहेगा।

एलएन जेपी अस्पताल में एंबुलेंस का लोकार्पण करते अतिथि • जागरण

कंपनी के प्रवक्ता ने जानकारी दी कि ग्रामीण और पिछड़े इलाकों की सेवा के लिए सहयोग का काम भविष्य में भी जारी रहेगा। वहीं संस्था सचिव ने धन्यवाद अर्पित करते हुए कहा कि क्विक हिल टेक्नोलॉजी लिमिटेड द्वारा प्रदत्त एम्बुलेंस इस क्षेत्र के लिए वरदान साबित होगा। लोक नायक जयप्रकाश आंख अस्पताल ने इस क्षेत्र में काफी नाम कमाया है और लोगो के बीच अपनी एक अलग पहचान बनाई है। मौके पर डॉ आलोक कुमार, गंधर्व गौरव, बीरेंद्र सिन्हा, संतोष कुमार पूरी, विक्रांत सिंह समेत अस्पताल के सभी कर्मी और मरीज मौजूद थे।